**न्यू इंडिया** • टॉप-500 भारतीय कंपनियों की वैल्यू अब कनाडा की जीडीपी से ज्यादा

# टेलीकॉम, डिफेंस, एआई, आईपीएल नए वेल्थ क्रिएटर, छोटे शहर भी उभरे

सुनयना चड्ढा | नई दिल्ली

देश में प्राइवेट सेक्टर की टॉप-500 कंपनियों की कुल वैल्यू 3.4 ट्रिलियन डॉलर (₹321.3 लाख करोड़) से ऊपर निकल गई है। यह कनाडा की जीडीपी से भी ज्यादा है। टेलीकॉम, डिफेंस, रिन्यूएबल एनर्जी, एआई स्टार्टअप, आईपीएल फ्रेंचाइजी और यहां तक कि राजकोट, बीकानेर टियर-2,3 शहर भी नए वेल्थ क्रिएटर बनकर उभरे हैं।

एक्सिस बैंक और बरगंडी प्राइवेट 'हुरुन इंडिया 500' रिपोर्ट बताती है कि शेयर बाजार अब 'ग्रोथ स्टोरी' पर नहीं, बल्कि कंपनियों की मजबूत बैलेंसशीट और कैश जेनरेशन पर भरोसा कर रहा है। वैल्युएशन के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार पांचवें साल शीर्ष पर बनी रही। लेकिन भारती एयरटेल ने पांच साल में सबसे ज्यादा ₹7.64 लाख करोड़ की शेयरहोल्डर वैल्यू (निवेशकों की दौलत) बनाई है। इस मामले में करीब एक दशक तक बादशाहत बरकरार रखने वाली दिग्गज आईटी कंपनियां, मसलन टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो पांच साल में ₹8.5 लाख करोड़ का वैल्युएशन गंवा चुके हैं। हालांकि अब एआई कमाई का नया स्रोत बनने से इनकी आय और वैल्युएशन बढ़ने लगा है। इन दिनों आईटी कंपनियों के शेयरों में तेज रिकवरी देखी जा रही है।

### भारती एयरटेल की वैल्यू पांच साल में 198%, एनएसई की 189% बढ़ी

| कंपनी | वैल्यू | 2025 में | 5 साल में |
|---|---|---|---|
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | 19.36 | ▲ 10% | ▲ 16% |
| एचडीएफसी बैंक | 11.88 | ▼ 17% | ▲ 31% |
| भारती एयरटेल | 11.49 | ▲ 18% | ▲ 198% |
| आईसीआईसीआई बैंक | 9.04 | ▼ 3% | ▲ 68% |
| टीसीएस | 8.95 | ▼ 44% | ▼ 32% |
| बजाज फाइनेंस | 5.83 | ▲ 37% | ▲ 35% |
| एलएंडटी | 5.52 | ▲ 2% | ▲ 121% |
| एनएसई | 4.86 | ▲ 3% | ▲ 189% |
| इन्फोसिस | 4.79 | ▼ 40% | ▼ 36% |
| सन फार्मा | 4.34 | 00% | ▲ 119% |

नोटः आंकड़े लाख करोड़ रुपए में, स्रोतः हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट

### टॉप-500 कंपनियों ने दिए 89 लाख जॉब

- टॉप-10 कंपनियों की संयुक्त वैल्यू ₹86 लाख करोड़, देश की जीडीपी का 25%
- रैंकिंग में एंट्री की न्यूनतम वैल्यू ₹10,230 करोड़, हर कंपनी 1 अरब डॉलर से बड़ी
- इस साल लिस्ट में 95 कंपनियों की नई एंट्री, इनमें पांच आईपीएल टीमें भी शामिल
- टॉप-500 कंपनियों में 89 लाख कर्मचारी, इन्होंने कुल ₹3.23 लाख करोड़ टैक्स दिए

### ये हैं देश के नए वेल्थ क्रिएटर... इनमें टियर-2, टियर-3 शहर भी शामिल

**एआई:** पहली बार चार प्योर-प्ले एआई कंपनियां- फ्रैक्टल एनालिटिक्स, ग्लांस, नेया और सर्वम एआई हुरुन इंडिया-500 लिस्ट में शामिल हुई हैं। इनकी कुल वैल्यू ₹60,000 करोड़ से अधिक है।

**आईपीएल फ्रेंचाइजी:** पहली बार 5 आईपीएल टीमें- कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब सुपर किंग्स कॉरपोरेट इंडिया की मेनस्ट्रीम रैंकिंग में आईं। इनकी संयुक्त वैल्यू ₹71,000 करोड़ से ज्यादा है।

**डिफेंस, एयरोस्पेस:** घरेलू रक्षा खर्च में बढ़ोतरी के चलते इस सेक्टर के वैल्युएशन में 74% उछाल आया। सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया पहली बार टॉप 50 में पहुंची; एमटीएआर टेक्नोलॉजीज और स्काईरूट एयरोस्पेस ने भी लिस्ट में जगह बनाई।

**रिन्युएबल एनर्जी:** ग्रीनको, इनॉक्स क्लीन एनर्जी और एम्वी फोटोवोल्टाइक पावर की नई एंट्री के साथ क्लीन एनर्जी कंपनियों की संख्या 20 हो गई। इनकी संयुक्त वैल्यू ₹3.4 लाख करोड़ आंकी गई है।

**टियर-2,3 शहर:** वेल्थ क्रिएटर्स 50 शहरों तक फैल गए हैं। राजकोट, बीकानेर, कुंभकोणम, राजनांदगांव जैसे शहरों की कंपनियां नई लिस्ट में शामिल हैं।

### सेंसेक्स 790 अंक उछला, निफ्टी एक बार फिर 24,000 से ऊपर निकला

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तगड़ी रिकवरी देखी गई। सेंसेक्स 790.5 अंक (1%) चढ़कर 76,991 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 197.5 अंकों (0.83%) की तेजी के साथ 24,021 के स्तर पर पहुंच गया। बैंकिंग, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी और सीमेंट सेक्टरों के शेयरों में जोरदार तेजी रही। इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई जैसे हैवीवेट शेयरों ने बाजार को संभाला। कच्चे तेल की घटती कीमतों ने महंगाई की चिंता कम की। इससे निवेशकों का सेंटिमेंट मजबूत हुआ। इस बीच रुपया भी 21 पैसे की मजबूत होकर 94.55 प्रति यूएस डॉलर पर पहुंच गया।

# हवाई सफर 25 प्रतिशत तक महंगा हो सकता है

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भू-राजनीतिक तनाव और रिफाइनरी प्रोडक्शन में कमी के चलते विमान ईंधन (एटीएफ) की वैश्विक आपूर्ति बाधित हो रही है। इसे देखते हुए वैश्विक सलाहकार कंपनी मैकिंजी ने चेताया है कि 2026 में हवाई किराया 20-25% तक बढ़ सकता है। कच्चे तेल और उससे तैयार एटीएफ की कीमत के बीच अंतर (क्रैक स्प्रेड) 50 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकलने की आशंका को इसकी वजह बताई गई है, जो अमूमन 20% होता है। मैकिंजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान ईंधन की कीमतें मुख्य रूप से कच्चे तेल के दाम बढ़ने के कारण बढ़ी हैं, लेकिन असली समस्या आपूर्ति की है। खाड़ी क्षेत्र और एशिया के प्रमुख विमान ईंधन निर्यातक देश, जो दुनिया की 40% आपूर्ति करते हैं, अपना उत्पादन घटा चुके हैं। चीन, भारत और दक्षिण कोरिया ने भी निर्यात पर आंशिक प्रतिबंध लगाए हैं। गर्मियों के ट्रैवल सीजन से पहले मांग बढ़ने और भंडार घटने से स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### विमानन कंपनियों पर ईंधन महंगा होने का असर ऐसे...

- एयरलाइन टिकट की कुल कीमत का करीब 30% हिस्सा ईंधन की लागत है।
- ईंधन यानी एटीएफ की लागत दोगुनी होने पर किराया अमूमन 20-25% बढ़ता है।
- एयरलाइंस बढ़ी हुई ऑपरेशन लागत के बड़े हिस्से का बोझ यात्रियों पर डालती हैं।

### गोल्ड लोनः सिर्फ 3 प्रतिशत ज्वेलरी होती है नीलाम

नई दिल्ली | देश में बांटे गए कुल गोल्ड लोन का 3% से भी कम हिस्सा ही नीलामी तक पहुंचता है। इससे आम आदमी के लिए गिरवी आभूषण खोने का डर बेहद कम है। दरअसल, एक साथ पूरा पैसा चुकाने की शर्त पर लिए गए 12 महीने के कर्ज में से लगभग 90% ग्राहक समय से पहले ही अपना भुगतान कर देते हैं। बाकी बचे डिफॉल्टर्स में से भी 75% से अधिक लोग नीलामी शुरू होने से पहले बकाया चुकाकर गहने छुड़ा लेते हैं।

भास्कर APPOINTMENT

**राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय**

विज्ञापनः सीयूराज/आर/एफ.176/भर्ती/2026/5878 — दिनांकः 10.06.2026

**08 अशैक्षणिक पद (सीधी भर्ती)**

विश्वविद्यालय में
08 अशैक्षणिक पदों पर (सीधी भर्ती के आधार पर) ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है।
अधिक जानकारी के लिए www.curaj.ac.in देखें।

कुलसचिव




**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड**
**RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD**

विज्ञापन सं. आरबीआईएसबी/बीए/02/2026-27

**भारतीय रिज़र्व बैंक में पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर साइट इंजीनियरों की लैटरल भर्ती**

भारतीय रिज़र्व बैंक में निम्नलिखित पदों के लिए पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर साइट इंजीनियरों की लैटरल भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

विभाग का नाम – परिसर विभाग, केंद्रीय कार्यालय

| क्रम संख्या | पद का नाम | स्तर/लेवल (समतुल्य ग्रेड) | रिक्तियों की संख्या | कार्य का स्थान* |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) | स्तर – 2 (ग्रेड 'बी') | 1 | रायपुर |
| 2 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) | स्तर – 3 (ग्रेड 'सी') | 6 | चंडीगढ़/ जम्मू/ लखनऊ/ मुंबई |
| 3 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | स्तर – 3 (ग्रेड 'सी') | 1 | मुंबई |
| | कुल | – | 8 | – |

* चयनित उम्मीदवारों को बैंक की अपेक्षाओं के अनुसार बैंक के किसी भी प्रोजेक्ट में तैनात किया जा सकता है, भले उम्मीदवारों द्वारा चयनित कार्य का स्थान कुछ भी हो।

2. अन्य सभी विवरणों जैसे पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और अन्य अनुदेशों के लिए कृपया 29 जून 2026 को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित होने वाले विस्तृत विज्ञापन को देखें। उम्मीदवार उक्त पदों के लिए केवल बैंक की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन मोड में ही आवेदन कर सकते हैं।
3. आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए तथा आवेदन शुल्कों/सूचना प्रभारों के भुगतान हेतु विंडो : **29 जून 2026 से 20 जुलाई 2026 (सायं: 06:00 बजे तक)**

टिप्पणी:
(i) बोर्ड को इन तिथियों में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार है।
(ii) उक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।

### सोना अभी 10 साल की बड़ी गिरावट के करीब

एजेंसी | न्यूयॉर्क

लगातार पांच तिमाहियों की तेजी के बाद सोने-चांदी में भारी गिरावट आई है। जून तिमाही में सोना 12% गिरा है, जो 10 साल की सबसे बड़ी गिरावट है। चांदी भी 17.6% फिसलकर चार साल के सबसे खराब प्रदर्शन पर है। इस साल 28 जनवरी को सोना 5417 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड हाई से 24% और चांदी 117 डॉलर प्रति औंस के स्तर से 47% टूट चुकी है। साल 2024 में सोना 28%, चांदी 22% और 2025 में सोना 65%, चांदी 148% बढ़ी थी। जनवरी से मार्च 2026 के बीच सोना 10% और फरवरी तक चांदी 28% चढ़ी थी।

### दुबई की जेम्स एजुकेशन भारत में स्कूल खोलेगी

नई दिल्ली | दुबई की जेम्स एजुकेशन भारत आ रही है। संस्था ने 3 करोड़ डॉलर (लगभग 283 करोड़) के शुरुआती निवेश की घोषणा की है। पहले चरण में 21 स्कूल खोले जाएंगे। पहले 5 कैंपस इसी साल में मुंबई, उत्तर प्रदेश, केरल और राजस्थान में खुलेंगे। लंबे समय में 30+ स्वामित्व वाले स्कूल और 1000+ पार्टनर स्कूलों का नेटवर्क बनाने का लक्ष्य है।

**MAHARASHTRA NATURAL GAS LTD. (MNGL)**
(A Joint Venture of GAIL & BPCL) CIN : U11102PN2006PLC021839
Pride Purple Coronet, 2nd Floor, Above Bata Showroom, Baner Road, Baner, Pune – 411045 (Maharashtra)

**NOTICE FOR HIRING OF CONTRACTORS FOR CGD PROJECT**

Maharashtra Natural Gas Limited, Pune invites bids from contractors/agencies through on the spot Walk-In Selection process for execution of DPNG LMC/GI Works in Pune. The Walk-In Selection Process shall be conducted for:

| Sl. No. | Geographical Area | Timeline for submission of bid |
|---|---|---|
| 1 | Pune | From 25.06.2026 to 24.07.2026 (10:00 AM to 5:30 PM) |

Interested bidders may submit relevant supporting documents, including Work Experience Certificates, GST Registration, PAN, PF/ESI Registration (wherever applicable), and details of available manpower and equipment.

**The bidder shall submit a copy of at least one work order, awarded during the last seven (7) years, as proof of experience in GAIL / BPCL Group companies / any other companies for**
(i) carrying out of jobs of LMC in CGD **OR**
(ii) carrying out of pipeline jobs in Gas/CNG station/CGS/process plant/SV stations/Hydrocarbons/ water/sewage/drainage/firefighting system/cryogenic/in any other utility sector **OR**
(iii) construction/maintenance of residential/commercial/institutional/industrial buildings involving plumbing jobs **OR**
(iv) laying underground ducts/power cables/telecommunication cables/fiber optic cables (OFC)/ laying of any cable.

Detailed Terms & Conditions shall be available at following link: www.mngl.in.
Contact person : Mr. Balakrishna Thatikonda, Email : balakrishna.thatikonda@mngl.in. Phone No.: 020-25611157 / 7718865953
**Note : Corrigendum / Addendum, if any shall be published only on the above website.** Hence, you are requested to visit the website regularly.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद युनुस (Mohammad Yunus) पिता अब्दुल मन्नान, मकान नम्बर 263, वार्ड नं. 15, रेल्वे बंगलापारा, रायगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.) 496001

यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम मोहम्मेद युनुस (Mohammed Yunus) को त्याग कर नया नाम मोहम्मद युनुस (Mohammad Yunus) रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मोहम्मद युनुस (Mohammad Yunus) से ही जाना, पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

**मोहम्मद युनुस (Mohammad Yunus)**
पिता अब्दुल मन्नान, मकान नम्बर 263, वार्ड नं. 15, रेल्वे बंगलापारा, रायगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.) 496001

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT PAMGARH DISTIRCT - JANJGIR-CHAMPA (C.G.)**

**E-procurement Tender Notice (2nd)**
**Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in**

NIT. No. 606 — Pamgarh, Date - 24/06/2026

**Online bids are invited for followings works up to 13/07/2026**

| Sr. No. | System Tender no. | Name of work | Probable Amount of Contract (In Lakh) | Earnest Money (In Rs.) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 194005 | Construction Work of New Nagar Panchayat Office Building. | 112.75 | 85,000/- | C & Above Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 24/06/2026 at 17:30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पामगढ़




**युनाइटेड इंडिया इंश्यूरेंस कं. लि.**
क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर
647A, 648-649, छठी मंजिल, मैग्नेटो ओफिजो, मैग्नेटो द माल, लाभंडी, रायपुर-492010, छ.ग., दूरभाष-0771-2259374

**कोरबा में कार्यालय परिसर लीज पर लेने हेतु निविदा आमंत्रण**

युनाइटेड इंडिया इंश्यूरेन्स कंपनी लिमिटेड (सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम) को कोरबा में अपने मंडल कार्यालय के लिए लगभग 2000 वर्ग फुट कारपेट एरिया वाले वाणिज्यिक परिसर की आवश्यकता है। विस्तृत विवरण और निविदा दस्तावेजों के लिए, कृपया हमारे स्थानीय कार्यालयः मंडल कार्यालय, नाकोड़ा ज्वेलर्स के बगल में, नगर निगम स्मृति उद्यान के सामने, निहारिका, कोरबा-495677 (मोबाइल:- 8109294185) से संपर्क करें। निविदा दस्तावेज हमारी कंपनी की वेबसाइट www.uiic.co.in पर जाकर "Tenders/RFP" टैब से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।
पूर्ण रूप से भरी हुई निविदाएं क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के उपरोक्त पते पर दिनाँक- 20/07/2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक या उससे पहले प्राप्त हो जानी चाहिए। (मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक)

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
क्षेत्रीय कार्यालय- बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), 07752-310229 / 310231
ई-मेलः recovery.bilaspur@bankofbaroda.com

**बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी- "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 8(6) और 9(1) देखें)"**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवीं / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका हैं कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो हैं जहां हैं ", " जो है जैसी हैं " एवं " जो कुछ भी हैं " के आधार पर रखी गई हैं। कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैं:-

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय 28.07.2026, दोपहर 02.00 बजे से सायं 06.00 तक**

| क्र. | ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं हैं. | कुल बकाया राशि | 1. प्रारक्षित मूल्य 2. बयाना एवं 3. बोली राशि | कब्जे का स्वरुप सांकेतिक/ भौतिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री भूनेश्वर तिवारी एवं श्रीमती प्रीति तिवारी पताः ग्राम- खजुरी, नवागांव, काठाकोनी, तखतपुर, बिलासपुर, छ.ग.- 495001 | साम्यिक बंधक परिवर्तित आवासीय तीन मंजिला भवन स्थित मौजा - लिंग्याडीह, प.ह.नं.- 20 / 21, आर.एन.एम.- बिलासपुर, खसरा नं.-54 / 571, प्लाट क्षेत्रफल- 990 वर्गफीट, प्लाट नं. - 182, ब्लॉक नं. - 04 स्थित राजस्व कॉलोनी, तहसील एवं जिला - बिलासपुर, छ.ग. हैं जो श्री भूनेश्वर तिवारी के नाम पर हैं. संपत्ति की सीमाएं: पूर्व- तेजन्द्र प्रताप की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर - मोतीलाल गुप्ता की भूमि, दक्षिण- रोड. | रु. 63,50,100.00 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 51,03,000.00 रु. 5,10,300.00 रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |
| 02 | श्री भूनेश्वर तिवारी (उधारकर्ता) श्रीमती प्रीति तिवारी (सह-उधारकर्ता), पताः ग्राम - खजुरी, नवागांव, काठाकोनी, तखतपुर, बिलासपुर, छ.ग.- 495001 | साम्यिक बंधक आवासीय भूमि एवं सेमी फर्निश्ड मकान स्थित खसरा नं.-112 / 3, क्षेत्रफल- 638 वर्गफीट, प.ह.नं.- 21 / 35, दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड मंगला आरआईसी तहसील एवं जिला- बिलासपुर, छ.ग. हैं जो श्री भूनेश्वर तिवारी पिता श्री बसंत कुमार तिवारी के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-रोड, पूर्व - लक्ष्मीकांत तिवारी की भूमि, पश्चिम -विक्रेता की भूमि. | रु. 25,65,769.00 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 16,20,000.00 रु. 1,62,000.00 रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |

संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 21.07.2026 दोपहर 1:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से फोन 9769746302/8347195669 पर भी संपर्क कर सकते हैं.

दिनांक: 25.06.2026, स्थानः बिलासपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

**छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली मुख्यालय कटघोरा**
**जिला - कोरबा (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eprocurement portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण) (शुद्धि - पत्रक)

निविदा सूचना क्रमांक 01 / वलेलि / 2026-27, दिनांक 17.06.2026, निविदा सिस्टम क्रमांक 193639 जिसका जी. क्रमांक 262701566 में निम्नानुसार संशोधन की जाती है।

| क्र. | पूर्व जारी आमंत्रण का विवरण | संशोधित विवरण व दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक 24.06.2026 समय 17:30 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। | दिनांक 08.07.2026 समय 17:30 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है पढ़ा जावे। |
| 2 | निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.05.2025 के आधार पर। | निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 22.08.2022 एवं 23.04.2026 के आधार पर। |

कार्य का नाम- जशपुर जिले के सिंचाई योजना के गेट मरम्मत एवं वि / यां संरचना के कार्य। अनुमानित लागत - 141.25 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

नोटः- 1. निविदा की अन्य शर्तें एवं विवरण यथावत रहेगी।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate( Valid up to 30.09.2026 ) का उपयोग अनिवार्य है।
3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. छोड़कर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली
मुख्या. कटघोरा जिला - कोरबा (छ. ग.)

जी-262701682

**Office of Municipal Council Kanker, Dist.- Uttar Bastar Kanker (C.G.)**

S.No/448/NPP/2026 — KANKER, DATE 23/06/2026

**E-Tender 1stCall**

Online Bids invited from Registered Contractors under CG PWD Details as follows-

| No. | System Tender No. | Detail of Work | Contract Amt (In Lacs) | Last date & time for download Tender |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 194027 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM VISHKARMA AUTO PARTS SHOP TO MADHU AUTO PARTS SHOT AT WARD NO. 04 KANKER | 22.75 | 15-07-2026 Till 5.30 PM |

Detailed N.I.T. & Terms condition can be viewed and downloaded from http://eproc.cgstate.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Kanker